# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक निकले शहर भ्रमण पर, सात दुकानों को किया 48 घंटे के लिये बंद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम।



कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, सीएसपी श्री हेमंत चौहान आदि अधिकारियों के साथ शहर में निरीक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचे।

अधिकारियों द्वारा मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण करके मास्क नहीं पहनने के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दुकानदार के मास्क नहीं पहनने पर शहर में 7 दुकाने 48 घंटे के लिए बंद की गई। दुकानदारों के विरुद्ध धारा 188 में प्रकरण दर्ज किए गए। दुकानों पर दो-दो हजार रुपए जुमार्ना किया गया। इसके अलावा राहगीरों के निरीक्षण में भी मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा 200 रुपए स्पाट फाइन किया गया। मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी।

**कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया**

इसके पूर्व कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने प्रातः जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिटरिंग सिस्टम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। 175 कॉलिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया की जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, डॉक्टर प्रमोद प्रजापति, डॉक्टर गौरव बोरीवाल आदि उपस्थित थे।

अवन्तिका 14/1/22

# अब निकायों की मतदाता सूची होगी अपडेट

रतलाम। विधानसभावार मतदाता सूची अपडेट होने के बाद अब राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए एक जनवरी 2022 के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बीएस जामोद ने जानकारी दी है कि रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति, दावे-आपत्ति केंद्रों का निर्धारण और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 14 से 17 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाताओं की शिफ्टिंग संबंधी विवादों के निराकरण के लिए 14 फरवरी को बैठक होगी। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम अलग से घोषित किया जाएगा।

**शहर में 208579 मतदाता:** एक जनवरी 2022 के आधार पर शहर विधानसभा में 208579 मतदाता हैं। निकायों में शहर के रेलवे कालोनी सहित कुछ गांव भी शामिल नहीं हैं। इसके चलते मतदाताओं की संख्या में अंतर आएगा।

**आरक्षण भी फिर से होने की संभावना:** शहर में वार्डो का आरक्षण जुलाई 2020 में किया गया था। इसके बाद निकायों के चुनाव मार्च-अप्रैल 2021 में होना थे, जो कोरोना की दूसरी लहर के चलते टल गए। आरक्षण हुए डेढ़ साल से अधिक समय होने के चलते निकाय चुनावों को लेकर आरक्षण की प्रक्रिया भी मतदाता सूची पुनरीक्षण होने के बाद फिर से की जा सकती है। नई.

नईदुनिया 15/1/22

# निकायों की मतदाता सूची का होगा वार्षिक पुनरीक्षण

रतलाम. नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए एक जनवरी 2022 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम तय कर दिया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति, दावे-आपत्ति केंद्रों का निर्धारण और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 14 से 17 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाताओं की शिफ्टिंग संबंधी विवादों के निराकरण के लिए 14 फरवरी को बैठक होगी। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में पृथक से कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

पत्रिका 15/1/22

# नगरीय निकायों की मतदाता सूची का होगा वार्षिक पुनरीक्षण-2022

रतलाम। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए एक जनवरी 2022 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति, दावे-आपत्ति केन्द्रों का निर्धारण और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 14 से 17 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाताओं की शिफ्टिंग संबंधी विवादों के निराकरण के लिये 14 फरवरी को बैठक होगी। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में पृथक से कार्यक्रम घोषित किया जायेगा।

इन्दौर समाचार 15/1/22

मध्यप्रदेश में बेलगाम कोरोना

# शिवराज ने बुलाई आज अहम बैठक और सख्त कदम उठाने की तैयारी

## दो मंत्री विश्वास सारंग व तुलसी सिलावट संक्रमित

## स्कूल पर भी हो सकता है बड़ा फैसला, कई बच्चे कोरोना पॉजिटिव




दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में कोरोना कहर बनकर टूटने लगा है। गुरुवार को चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मंत्री दूसरी बार संक्रमित हुए हैं। प्रदेश में बुधवार को एक ही दिन में 6 मौतें हुई थी। हर शहर में कोरोना मरीजों के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार सुबह ही गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया था कि 80 पुलिसकर्मी सिर्फ 24 घंटे में संक्रमित हुए हैं। सरकार ने जेल में कैदियों से मुलाकात पर भी रोक लगा दी है। बिगड़ते हालातों को देखते हुए मुख्यमंत्री शुक्रवार को क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक करेंगे। इसमें सीएम प्रदेश के मंत्रियों, सभी कलेक्टरों, कमिश्नरों और गांव के नेताओं तक से चर्चा करेंगे। बैठक सुबह 10 बजे से होगी। इसमें सभी मंत्री, जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, संभागायुक्त, जिला कलेक्टर, ग्राम स्तरीय अधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। संभावना है कि बैठक में सख्ती बढ़ाने पर चर्चा की जा सकती है। साथ ही, स्कूलों को लेकर भी निर्णय हो सकता है। ग्वालियर में 25 साल की वर्षा ने दो दिन पहले बेटे को जन्म दिया। दम तोड़ने से पहले बेटे को देखा। प्रदेश में थर्ड वेव से अब तक 18 मौतें हो चुकी हैं। सागर में 5 स्कूलों में 19 से अधिक स्कूली बच्चे कोरोना पॉजिटिव आए हैं। इसमें



से राजोला प्राइमरी स्कूल के 11 बच्चे संक्रमित मिले। पांच स्कूलों में बच्चों के संक्रमित होने की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। तुरंत स्वास्थ्य विभाग की टीमों को भेजकर स्कूलों में जांच कराई गई है। केसली में 1 और तिगोड़ा स्थित स्कूल में दो बच्चे संक्रमित मिले। इन दोनों स्कूलों को 3 दिन के लिए बंद किया गया है। स्कूल भवनों को सैनिटाइज कराया जा रहा है। राजोला प्राइमरी स्कूल को भी 3 दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

शाहगढ़ बीएमओ डॉ. अमित आनंद असाटी ने बताया कि राजोला में रैंडम सैंपलिंग कराई गई थी। जिसमें 11 बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी बच्चों को होम आइसोलेट किया गया है। टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं। इसके साथ ही ग्राम के लोगों की जांच की गई है। भोपाल में बुधवार को पॉजिटिव आए 863 नए कोरोना मरीजों में 47 बच्चे हैं। इनमें आठ महीने की एक बच्ची भी है। यही नहीं, एक जनवरी से अब तक 18 साल तक के 240 से ज्यादा बच्चों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है।

### 2 से 3 दिन में जांच कर ओमिक्रॉन का पता लगाएंगे

ग्वालियर। ग्वालियर में भी कोरोना के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग हो सकेगी। इससे जल्दी ही नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का पता चल सकेगा। यहां डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टाब्लिशमेंट में जिनोम सीक्वेंसिंग हो सकेगी। डीआरडीई का दावा है कि इससे दो से तीन दिनों में रिपोर्ट मिल जाएगी। डीआरडीई के डायरेक्टर ने गजराराजा मेडिकल कॉलेज के डीन को पत्र लिखकर सैंपल भेजने के लिए कहा है। डीन ने भी इस मामले में भोपाल स्वास्थ्य विभाग से इजाजत मांगी है। भोपाल से सहमति मिलते ही ओमिक्रॉन संदिग्ध केसों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए यहां भेजे जाएंगे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग को दिल्ली की नेशनल लैब के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा।

### 8 महीने की जुड़वां बहनों में से 1 संक्रमित

भोपाल में जाटखेड़ी, होशंगाबाद रोड स्थित मल्टी स्टोरी कवर्ड कैंपस में रहने वाले एक परिवार की आठ महीने की जुड़वां बच्चियों को सर्दी-खांसी हुई थी। परिजनों ने डॉक्टर की सलाह पर परिवार के सभी चारों सदस्यों की जांच कराई। पति-पत्नी और एक बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। तीनों को होम आइसोलेशन में रखा गया है।

अवन्तिका

अवन्तिका 14/1/22

## दो कबाड़ा व्यवसायियों से कबाड़ा हटाने की निगम की राशि वसूल

**रतलाम** ● नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र में संचालित ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ सेंटर हटाए जाने हेतु निगम द्वारा संबंधितों को नोटिस जारी किए जाने के उपरान्त भी ऐसे कबाड़ा व्यवसायी जिन्होंने अपने गोडाउन स्वयं नहीं हटाए जाने पर नगर निगम द्वारा हटाया गया उनसे हटाए जाने की राशि जमा कराए जाने हेतु नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया तद्उपरान्त भी राशि जमा नहीं कराने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार हाट रोड क्षेत्र में दिनेश लक्ष्मीनारायण सोलंकी से 30,000 रु. व नाहरपुरा क्षेत्र में गणपत से 5000 रु. की राशि वसूल की गई।

स्वदेश 14/1/22

## कबाड़ा हटाया, 35 हजार रुपए जुर्माना वसूला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ज्वलनशील पदार्थ और कबाड़ा सेंटर पर कार्रवाई के बाद नगर निगम ने हटाने में आए खर्च की वसूली शुरू कर दी है। निगम ने ऐसे 28 से ज्यादा कबाड़ियों को नोटिस जारी किए थे। इनमें से अब तक तीन ने 35 हजार रुपए जमा करा दिए हैं। इनमें हाट रोड के निसार ने 15 हजार, नासिर ने 15 हजार और नाहपुरा के गणपत सोलंकी ने 5000 रुपए जमा कराए हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों को बाकी कबाड़ियों और गोदाम संचालकों से राशि वसूलने के निर्देश दिए हैं।

दै. भास्कर 14/1/22

## 74 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 74 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 25950, ट्रैक्टर-ट्राली से 15780, काम्पेक्टर सूखा कचरा 15025, काम्पेक्टर गीला कचरा 17350 कुल 74105 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 14/1/22

# 7 दुकाने 48 घंटे के लिए बंद

## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने किया शहर में निरीक्षण







रतलाम। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान आदि अधिकारियों के साथ शहर में निरीक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचे।

अधिकारियों द्वारा मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण करके मास्क नहीं पहनने के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दुकानदार के मास्क नहीं पहनने पर शहर में 7 दुकाने 48 घंटे के लिए बंद की गई। दुकानदारों के विरुद्ध धारा 188 में प्रकरण दर्ज किए गए। दुकानों पर दो-दो हजार रुपए जुर्माना किया गया।

इसके अलावा राहगीरों के निरीक्षण में भी मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा 200 रुपए स्पाट फाइन किया गया। मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी।

### कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

इसके पूर्व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रातः जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिटरिंग सिस्टम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। 175 कॉलिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया की जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, डॉक्टर प्रमोद प्रजापति, डॉक्टर गौरव बोरीवाल आदि उपस्थित थे।

इन्दौरसमाचार 14/1/22

प्रतापनगर से मुख्य बाजार तक अंधेरा रहता

# लापरवाही: 1 वर्ष पहले लगे पोल, रोशनी का अब तक हो रहा इंतजार



रतलाम. शहर के प्रतापनगर क्षेत्र से लेकर निजी माल तक एक वर्ष पूर्व नगर निगम ने बिजली के पोल तो लगवा दिए, लेकिन अब तक इन पर रोशनी के लिए हैलोजन या एलइडी नहीं लगे हैं। ऐसे में कई कॉलोनियों वाले इस क्षेत्र में शाम होते ही अंधेरा हो जाता है।

प्रतापनगर ब्रिज से निजी बाजार तक रोड के दोनों किनारे पर बिजली के पोल एक वर्ष पूर्व लगा दिए गए थे, लेकिन उन पर एलइडी अब तक नहीं किए जाने से ना केवल राहगीरों को रात्रि में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि अन्य गतिविधियों से भी क्षेत्र में रहने वाले कॉलोनी वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महू रोड संघर्ष समिति के सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास, प्रदीप पुरोहित, आशीष अग्निहोत्री, कबीर खान आदि ने नगर निगम का ध्यान आकर्षित करते हुए यह मांग की है कि जल्दी से जल्दी एलइडी की व्यवस्था की जाए।

## जल्दी लगेंगे एलइडी

इस क्षेत्र में कुछ समय पूर्व निरीक्षण किया गया था, तब यहां पोल पर एलइडी नहीं होने की जानकारी आई थी. इस संबंध में आदेश जारी किए जा रहे है। जल्दी ही पोल पर एलइडी लगा दी जाएगी।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 14/1/22

# लाइट लगाने की मांग

**रतलाम।** प्रतापनगर ब्रिज से डी मार्ट मछली बाजार तक रोड के दोनों किनारे पर स्टेट लाइट के पोल पिछले छह माह पूर्व लगा दिए गए हैं, लेकिन उन पर लाइट की फिटिंग आज तक नहीं किए जाने से ना केवल राहगीरों को रात्रि में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि अन्य गतिविधियों से भी क्षेत्र में रहने वाले कालोनीवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महू रोड संघर्ष समिति के सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास, प्रदीप पुरोहित, आशीष अग्निहोत्री, कबीर खान आदि ने नगर निगम व जिला प्रशासन का ध्यान आकर्पित करते हुए जल्द से जल्द लाइट की व्यवस्था करने की मांग की है।

इससे प्रताप नगर, मंगलम सिटी, मिड टाउन, सम्यक गोल्ड सिटी, अहिंसा ग्राम व डी मार्ट आने जाने वालों को रात्रि में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। रहवासियों ने बताया कि 15 दिन पहले भक्तन की बावड़ी से मेन रोड तक निगम द्वारा ठेकेदार द्वारा गड्ढों पेंचवर्क कर मरम्मत की गई, लेकिन पिछले दिनों की बरसात में ही निर्माण कार्य की पोल खोल दी है। फिर से मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

नईदुनिया 14/1/22

47 करोड़ का वित्त लाभ प्रदान किया, काश्यप बोले-विकास के लिए रोजगार बढ़ाने पर चिंतन आवश्यक

# 12 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ा

● रतलाम। रतलाम जिले के लिए 12 जनवरी का दिन स्वर्णिम रहा। शहर में रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बड़ी मात्रा में वित्त लाभ हितग्राहियों को प्रदान किए गए। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार दिवस पर जिले के 12 हजार 840 हितग्राही लाभान्वित हुए जिन्हें 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए। बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।





रोजगार दिवस के अवसर पर जिले के स्वयं सहायता समूहों के 8 हजार सदस्यों को 6 करोड़ 6 लाख रुपए की ऋण सहायता रोजगार के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना अंतर्गत 97 युवाओं को 14 करो? 50 लाख रूपए वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। इनमें बगैर ब्याज के 10 हजार तथा 20 हजार रूपए के ऋण सम्मिलित है।

रोजगार दिवस में मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योज़ना के 985 हितग्राहियों को 98 लाख 50 हजार रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 440 महिलाओं को तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7672 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ 88 लाख रुपए की ऋण सहायता दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को ऋण के माध्यम से क्रय वाहन प्रदान किए गए। कृषि अधोसंरचना में भी वितरण किया गया। इसके तहत 60 हितग्राहियों को 12 करोड रूपए की सहायता दी गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 30 हितग्राहियों को 30 लाख रुपए का वितरण किया गया। इसके अलावा उद्यानिकी, मत्स्य, पशु चिकित्सा सेवाओं विभागों के भी लाभ वितरण किए गए। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। श्री काश्यप ने रोजगार मेले के माध्यम से लाभान्वित हितग्राहियों से आग्रह किया कि बैंकों के माध्यम से मिली धन राशि से अपने व्यवसाय में वृद्धि करें। अपने व्यवसाय को उन्नत करें, उद्यमी बनकर दूसरों को भी रोजगार दें।

जावरा विधायक डा.पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि हम आत्मनिर्भर और स्वर्णिम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं, इसमें सबकी सहभागिता है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान लगातार स्वर्णिम तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए कार्य कर रहे हैं। इसका सुपरिणाम कई क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना ने भी संबोधित किया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि जिला तेजी से रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 47 करोड़ रूपए के ऋण तथा अन्य लाभ विभिन्न योजनाओं में प्रदान किए गए हैं। निश्चित रूप से भविष्य में भी हम अधिकाधिक रूप से रोजगार का सृजन करेंगे। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने रोजगार मेला आयोजन के उद्देश्य तथा योजनाओं में वितरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक, एनआरएलएम जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला, उप संचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेल, सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश पांडे, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री आचार्य आदि उपस्थित थे।

अभिलाषा रि

अभिलाषा 13/1/22

# अंधेरे से राहगीर परेशान..नहीं जिम्मेदारों का ध्यान

**रतलाम। प्रतापनगर ब्रिज से डी मार्ट मछली बाजार तक रोड के दोनों किनारे पर स्टेट लाइट के पोल पिछले 6 माह पूर्व लगा दिए गए हैं, लेकिन उन पर लाइट की फिटिंग आज तक नहीं किए जाने से ना केवल राहगीरों को रात्रि में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि अन्य गतिविधियों से भी क्षेत्र में रहने वाले कॉलोनी वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

महू रोड संघर्ष समिति के सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास, प्रदीप पुरोहित, आशीष अग्निहोत्री, कबीर खान आदि ने ने नगर निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए यह मांग की है कि जल्दी से जल्दी लाइट की व्यवस्था की जाए जिससे प्रताप नगर, मंगलम सिटी ; मीड टाउन, सम्यक गोल्ड सिटी, अहिंसा ग्राम एवं डी मार्ट आने जाने वालों को रात्रि में कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।

आपने 15 दिन पहले भक्तन की बावड़ी से मेन रोड तक निगम द्वारा ठेकेदार द्वारा गड्ढों पैच वर्क कर मरम्मत की गई लेकिन पिछले दिनों की बरसात में ही निर्माण कार्य की पोल खोल दी और गड्ढे वापस हो गए, जो घटिया निर्माण दर्शा रहा है, नगर निगम को चाहिए कि ठेकेदार से पुन: मरम्मत कराई जाए जिससे कि वह ज्यादा गड्ढे ना हो सके तथा यातायात सुगम हो सके।

नगर निगम भक्तन की बावड़ी रेलवे ब्रिज के दोनों तरफ भारी भरकम लोहे के बैरिकेट्स लगा दिए हैं लेकिन उसका औचित्य आज तक समझ से परे है, आज भी ब्रिज के बाहर बस स्टैंड के व्यापारी वर्ग कचरा फेंक देते है जो वहां से निकलने वाले राहगीरों के लिए बदबू और गंदगी का सामना कर रहा है।

आपने नगर निगम का ध्यान आकर्षित करते हुए यह मांग भी की है कि जो कालोनियां विकसित हो चुकी है थे उनके आसपास की अविकसित कॉलोनियों में हो रही गंदगी अनावश्यक गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के लिए कॉलोनी नाइजर को निर्देशित करें कि स्वीकृत कॉलोनी पर साफ-सफाई कर बाउंड्री वाल का निर्माण करें जिससे विकसित कॉलोनी वासियों को अच्छा वातावरण के साथ साथ अनावश्यक गतिविधियों पर भी अंकुश लग सकेगा। अग्निभारत

अग्निभारत 14/1/22

**बढ़ने लगी सख्ती** • मास्क नहीं पहनने पर 7 दुकानें 48 घंटे के लिए बंद, धारा 188 में प्रकरण भी दर्ज, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखना जरूरी

## एक्टिव केस 300 पार

# सात दिन में शहर के 41 से ज्यादा क्षेत्र में पहुंचा कोरोना, गलियों से कॉलोनियों में फैला संक्रमण

### अभी तक सबसे ज्यादा पॉजिटिव मरीज काटजू नगर में सामने आए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर में कोरोना संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है। सिर्फ 7 दिन में शहर के 41 से ज्यादा बड़े इलाकों में कोरोना ने अपनी पहुंच बना ली। अब आलम ऐसा है कि मोहल्ले-मोहल्ले में संक्रमित सामने आ रहे हैं। इधर, दो दिन में ही एक्टिव केस 300 के पार हो गए हैं। खतरा बड़ा है... लेकिन,-अब भी कई लोग ऐसे हैं जो मास्क से दूरी बना रहे हैं। कलेक्टर-एसपी बाजार में निकले तो ऐसी ही 7 दुकानों को 48 घंटे के लिए बंद कर दिया। दुकानदारों पर जुर्माना लगाया, वहीं, धारा-188 में प्रकरण दर्ज हुए हैं।

जिले में सिर्फ 7 दिन में संक्रमण ने रफ्तार तेज की है। इसमें रामबाग, कस्तूरबा नगर, काटजू नगर, रिद्धि सिद्धि रसीडेंसी, शहर सराय सहित कई इलाके ऐसे हैं, जहां 4 से ज्यादा पॉजिटिव सामने आ गए हैं। अभी तक सबसे ज्यादा पॉजिटिव काटजू नगर में सामने आए हैं। राहत की बात तो यह है कि अब तक मिले संक्रमित में गंभीर स्थिति में कोई नहीं पहुंचा है, लेकिन संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देख अधिकारी भी चिंता में आ गए हैं। इधर, जिले में एक्टिव केस का आंकड़ा 300 पार हो गया है, 11 जनवरी को ही यह आंकड़ा 200 के पार हुआ था।

## ये नहीं सुधर रहे : प्रमुख इलाकों में कलेक्टर-एसपी को बिना मास्क मिले दुकानदार


शहर सराय की दुकानों पर जांच करते हुए एसडीएम और अन्य अधिकारी।

भास्कर

**यहां मिले संक्रमित-** कस्तूरबा नगर, पूनम विहार, सज्जनमिल, पैलेस रोड, गणेश नगर, त्रिमूर्ति नगर, अलकापुरी, रामबाग, वेदव्यास कॉलोनी, काटजू नगर, दिलीप नगर, डीडी नगर, शहर सराय, सिद्धांचल कॉलोनी, रिद्धि सिद्धि रेसीडेंसी, जैन कॉलोनी, नीमचौक, नर्स कॉलोनी, जवाहर नगर, धानमंडी, शुभ विहार कॉलोनी, बापू नगर, आरपीएफ कॉलोनी, महेश नगर, अंबिका नगर, मित्र निवास रोड, पत्रकार कॉलोनी, निराला नगर, तेजा नगर, राजेंद्र नगर, राजपूत बोर्डिंग, जवाहर नगर, ओझा खाली, सुयोग परिसर, रामगढ़, ताहेरपुरा, देवरादेवनारायण, महू रोड, नेमीनाथ कॉलोनी, मधुवन व अन्य।

**मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय की दुकानों को बंद किया -** शहर में गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान सहित अन्य अधिकारी मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी क्षेत्र में पहुंचे। दुकानदार के मास्क नहीं पहनने पर 7 दुकानों को 48 घंटे के लिए बंद करवा दिया। दुकानदारों के विरुद्ध धारा 188 में प्रकरण दर्ज किए। वहीं, दुकानदारों से पर 2-2 हजार रुपए जुर्माना भी वसूला। नगर निगम की टीम ने भी मास्क नहीं पहनने वालों से 200 रुपए स्पाट फाइन वसूला।

**कंट्रोल रूम के कॉलिंग सिस्टम को चेक किया-** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सुबह जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र पहुंचे। कोविड-कमांड और कंट्रोल सेंटर का दौरा किया। होम आइसोलेट मरीजों की मॉनिटरिंग सिस्टम को देखा, वहीं, 175 कॉलिंग सिस्टम को चेक किया।

**जिले में ऐसे बढ़ रहा संक्रमण**

| दिनांक | पॉजिटिव |
|---|---|
| 6 जनवरी | 12 |
| 7 जनवरी | 24 |
| 8 जनवरी | 48 |
| 9 जनवरी | 44 |
| 10 जनवरी | 43 |
| 11 जनवरी | 47 |
| 12 जनवरी | 62 |

दै.भास्कर 14/1/22

**कम से कम लोग एकत्रित हो लेकिन जेल में बंदियों की संख्या क्षमता से काफी ज्यादा**

# सर्किल जेल में कोरोना संक्रमण का खतरा 380 की क्षमता, बावजूद 628 बंदी मौजूद

पत्रिका करंट इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
petrika.com

रतलाम. कोरोना के दौर में हर जगह कम से कम लोगों को एकत्रित होने की गाइड लाइन सरकार ने जारी लेकिन सर्किल जेल में ही कोरोना का खतरा बढ़ गया है। जेल की क्षमता 380 बंदियों को रखने की है लेकिन इस समय यहां 628 बंदी मौजूद हैं। दीगर बात यह है कि 11 तारीख को मंदसौर के एक एनडीपीएस एक्ट के बंदी को यहां लाकर रखा गया था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पाजीटिव आने से गुरुवार को उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है।




सर्किल जेल में 11 जनवरी को मंदसौर के एनडीपीएस एक्ट का एक आरोपी कोर्ट के आदेश से दाखिल करवाया गया था। बंदी को दाखिल करने से पहले उसकी कोरोना जांच करवाई गई। जांच रिपोर्ट पाजीटिव आने पर गुरुवार को बंदी को डॉक्टर को दिखाया गया तो डॉक्टर ने बंदी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर दिया है। जेल में बंद रहने के दौरान एक बंदी उसके संपर्क में आया था।

## मुलाकात पर रोक

कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए प्रदेश सरकार ने जेल में बंद कैदियों की मुलाकात पर 31 मार्च तक पाबंदी लगा दी है। प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये इस बात का ऐलान किया है। हालांकि सर्किल जेल में शाम तक इस संबंध में कोई अधिकृत आदेश नही पहुंचा है। गुरुवार को नियमित रूप से जेल बंदियों की उनके परिजनों से मुलाकात करवाई गई।

## यह थी पहले व्यवस्था

मेडिकल कॉलेज में कोरोना पीड़ित जेल बंदियों के लिए अलग से जी ब्लाक में रखने की व्यवस्था की गई थी। इससे जेल के अन्य बंदियों में कोरोना संक्रमण फैलने से रोका गया था। इस बार फिलहाल यह व्यवस्था शुरू नहीं हुई है। जेलर बीपी प्रसाद ने कहा कि जेल में कोरोना पाजीटिव मरीज आने के बाद यह व्यवस्था फिर से शुरू होती है तो संक्रमण रोकने में मदद मिलेगी।

| | |
|---|---|
| जेल की क्षमता | 380 |
| इस समय कैदी | 628 |
| महिला बंदी | 26 |
| पुरुष बंदी | 602 |
| सजायाफ्ता | 94 |
| विचाराधीन | 534 |

एक बंदी जो 11 जनवरी को दाखिल कराया गया था उसकी रिपोर्ट पाजीटिव आई है। अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवा दिया है। हमारे पास क्षमता से काफी ज्यादा बंदी इस समय मौजूद है। मेडिकल कॉलेज में पूर्व में जिस तरह जेल बंदियों के लिए अलग वार्ड था वह व्यवस्था फिर से शुरू हो तो बेहतर होगा। - **बीबी प्रसाद,** जेलर, जिला जेल, रतलाम

# 66 नए मरीज आए, बाहर से आने वाले यात्री को बताना होगा टिकट

**नाइट कर्फ्यू में बढ़ाई सख्ती, बेवजह सड़क पर घूमने वालों पर होगी कार्रवाई**

मेडिकल कॉलेज की लैब से गुरुवार की रात आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 66 नए मरीजों की सूची सामने आई है। इन मरीजों में रतलाम शहर के साथ ग्रामीण अंचलों और विभिन्न विकास खंडों के मरीज भी शामिल हैं। यदि मरीजों की संख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आने वाले 10 दिनों में रतलाम में यह संख्या 1000 के आंकड़े को पार कर जाएगी। जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए प्रशासन अब ओर सख्त हो गया है। नाइट कर्फ्यू के दौरान बेवजह घर से बाहर सड़क पर घूमने वालों पर काबू पाने के लिए नए आदेश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा संशोधित आदेश जारी किया गया हैं जिसमें कहा गया है कि संपूर्ण रतलाम जिले में रात्रि 11 से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू प्रभावी है। इस दौरान रात्रि में बाहर से बस, ट्रेन द्वारा आने वाले यात्रियों को अपना टिकट बताने पर उन्हे अपने स्थान तक जाने की छूट रहेगी।

## लोग नहीं कर रहे नियमों का पालन

लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण के बाद भी कई लोग बेवजह रात को सड़कों पर घूमते नजर आ रहे है। ऐसे में इन लोगों पर काबू पाने के लिए प्रशासन ने अब और अधिक सख्ती बरतने का निर्णय लिया है जिससे कि अनावश्यक लोग रात में घर के बाहर नहीं निकले। पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार लोगों से अपील की जा रही है कि वह नियमों का पालन करे लेकिन लोग है कि मानने को तैयार नहीं है। ऐसे में अब सख्ती और बढ़ा दी गई है जिससे कि नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पत्रिका

पत्रिका 14/1/22

# पूर्व महापौर डागा की पहल रंग लाई, भवन निर्माण अनुमति के लिए अब नहीं लगेगी नजूल एनओसी

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**

शहर में भवन निर्माण अनुमति के लिए नगर निगम द्वारा पिछले दिनों नजूल एनओसी अनिवार्य करने के आदेश में संशोधन कर दिया गया है। अब 2400 स्क्वेअर फिट से अधिक के भुखंड पर निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य कर दी गई है।



जानकारी के अनुसार नगर निगम आयुक्त द्वारा 6 दिसम्बर को एक आदेश जारी कर नगरीय क्षेत्र की सीमाओं में दी जाने वाली भवन निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य रुप से लिए जाने के निर्देश जारी कर दिए थे। आदेश में नगरीय क्षैत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत या अनुमोदित कालोनियो को छोड़कर सभी स्थानों में सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति के लिए म. प्र भूमि विकास नियम 2012 के नियम 16(11) के खंड (ख) व (ग) तथा म. प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नजूल विभाग की अनापत्ति प्राप्त किए जाने के उपरांत ही भवन निर्माण अनुमति जारी करने के लिए कहा गया था।

इस मामले में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम से मिले थे और उन्हे इस आदेश से जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराया था। श्री डागा ने कहा कि इस निगम से शहर में कई स्थानों पर तकनीकी कारणों से लोगों को अनुमति ही नहीं मिल पाएगी। श्री डागा ने बताया कि आमजन की समस्या को देखते हुए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने इस सबंध में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया था।

**जारी किए संशोधित आदेश-** कलेक्टर के निर्देश पर निगमायुक्त ने इस संबंध में संशोधित आदेश जारी कर दिए हैं। संशोधित आदेश के अनुसार अब 2400 स्क्वेयर फीट से अधिक के भूखंड पर ही भवन निर्माण अनुमति के लिए ही नजूल एनओसी अनिवार्य रहेगी। संशोधित आदेश से आम जनता को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। सिंघम-13

सिंघम - 13/1/22

# अब 2400 वर्गफीट से अधिक की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल की एनओसी अनिवार्य

● रतलाम

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 2400.00 वर्गफीट से अधिक की भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किये जाने के उपरांत ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर नगरीय क्षेत्र रतलाम में 2400.00 वर्गफिटर से अधिक की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है तद् उपरान्त ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी। नागरिक भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त करें। अभिलाषा-13

अभिलाषा 13/1/22

# बगैर मॉस्क के कई धराए

रतलाम, नप्र। कोरोना वायरस (कोविड-19) को वैश्विक महामारी चिन्हित किए जाने तथा मध्यप्रदेश शासन की ओर से इसे संक्रामक रोग घोषित किए जाने से रतलाम नगर में संक्रमण का फैलाव ना हो, इसके लिए सभी नागरिकों को मास्क पहनना जरूरी किया है। नगर में ऐसे नागरिक जो कि मास्क नहीं लगा रहे हैं या गलत तरीके से लगा रहे हैं उन पर कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम स्पॉट फाईन दल निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में जुर्माने की कार्रवाई कर रहा है। कल ऐसे सोलह लोगों पर जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी।

प्रभातकिरण 13/1/22

# कॉलोनियों की खेती

# अशोक विहार नामक सागोद रोड पर एक और अवैध कॉलोनी, खेतों में सीमेंट-कांक्रीट के रोड बनाकर बेच रहे हैं बड़े प्लॉट

## सरकारी अफसरों की सख्ती के बावजूद भूमाफिया बेखौफ, 700 से 1000 रुपए वर्गफीट की ऊंची कीमतों पर बेच रहे कॉटेज नुमा प्लॉट

भास्कर संवाददाता|रतलाम

रसूखदार भूमाफिया का कृषि भूमियों पर अवैध कॉलोनियां विकसित करने का सबसे बड़ा खेल सागोद रोड पर चल रहा है। सरकारी अमला शिकायतों की जांच में अवैध कॉलोनी और निर्माण साबित होने के बावजूद कार्रवाई करने से बच रहा है। वहीं, इसका फायदा उठाकर भूमाफिया लगातार अवैध प्लॉटिंग करते जा रहा है। ताजा खुलासा सागोद रोड पर अशोक विहार नामक अवैध कॉलोनी का हुआ है। विरियाखेड़ी कस्बा पटवारी के क्षेत्र आने वाली जमीन पर चार माह पहले कीमत बढ़ाने के लिए रसूखदारों ने खेतों के बीच सीमेंट कांक्रीट की पक्की सड़क बना दी। अब कॉलोनी एक्ट के नियमों से बचने और अफसरों की आंखों में धूंल झोंकते हुए धड़ल्ले से बड़े आकार (कॉटेज के रूप में) के प्लॉट बेच रहे हैं। वह भी ऊंची कीमत 700 से 1000 वर्गफीट तक में, जो आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर हैं। यह कॉलोनी सागोद रोड पर जैन समाज के मंदिर के पीछे अवैध रूप से कॉटेज काटने वाले भूमाफिया के समूह की बताई जा रही है। सारा खेल लगभग 40 से 50 करोड़ रुपए का बताया जा रहा है। शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही है,

### आसपास की सारी जमीन खरीद रखी है भूमाफिया ने, प्रशासन के पास पहुंची शिकायत

दरअसल सागोद रोड जैन मंदिर के पीछे की एक किमी से ज्यादा की जमीन शहर के कुछ बड़े भूमाफिया गिरोह ने खरीद रखी है। इनकी कीमत बढ़ाने के लिए भूमाफिया जानबूझकर धीरे-धीरे सीसी की सड़क बनाकर 5000 वर्गफीट से एक बीघा तक के भूखंड काटकर बेचते जा रहे हैं। कीमत ऊंची होने से खरीदार भी खासे रईस हैं, जिन्होंने बिना किसी अनुमति के करोड़ों के बंगले बना लिए हैं। यही वजह है कि इलाके की जमीनों की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं।



सागोद रोड की अवैध कॉलोनी अशोक विहार, जहां तार फेंसिंग हो चुकी है।

**जांच कराने के बावजूद नहीं की कार्रवाई** - सितंबर में नगर निगम ने राजस्व विभाग के मार्फत विरियाखेड़ी कस्बा पटवारी क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों की जांच कराई थी। 18 सर्वे नंबर (बटे वाले शामिल) की जांच हुई थी। 8 अक्टूबर को पटवारी द्वारा दी रिपोर्ट में 10 सर्वे नंबर ऐसे थे, जिनका डायवर्शन (व्यपवर्तित) नहीं कराया था। अक्टूबर-नवंबर में नगर निगम ने शहर की 9 कॉलोनियों पर तो कार्रवाई की, लेकिन विरियाखेड़ी क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### शहर के आसपास और भी काटी जा रही अवैध कॉलोनियां

- होमगार्ड कॉलोनी रोड
- ईटावा माताजी रोड
- ग्राम बरबड़ के पीछे
- रत्नपुरी रोड
- मेडिकल कॉलेज के सामने
- ग्राम धराड़ के पास

*सागोद रोड पर अशोक विहार नामक किसी कॉलोनी का नक्शा पास नहीं है। उस क्षेत्र में एक-दो कॉलोनी ही अप्रूव्ड है बस। इसके अलावा अलग कोई प्लॉट काटकर बेच रहा है, तो वह अवैध है।*

**जीएल वर्मा**, उपसंचालक-टीएंडसीपी

भास्कर

दै. भास्कर 14/1/22

एफआईआर के दिए आदेश

# कलेक्टर-एसपी फिर उतरे सड़क पर, नियमों का पालन नहीं करने पर 7 दुकानें कराई बंद

## दुकान खोलने वालों की 48 घंटे के लिए बंद कराई दुकानें

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक एक बार फिर से सड़क पर उतरे। दोनों अधिकारियों के साथ पुलिस और प्रशासन का अमला मौजूद रहा। इस दौरान इनके द्वारा दुकानों पर जाकर हालातों का जायजा लिया तो दुकानदार बिना मास्क के बैठे नजर आए। इसके चलते शहर की सात दुकानों को अगले 48 घंटे के लिए बंद करा दिया गया। साथ ही बिना मास्क के बैठे दुकानदारों को फटकार भी लगाई।

दोनों अधिकारी टीम के साथ सुबह अचानक ही निकल पड़े। इस दौरान इनके द्वारा मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी आदि क्षेत्रों में भ्रमण करके मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं जो सात दुकानें 48 घंटे के लिए बंद कराई है, उन दुकानदारों के खिलाफ धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज करने के निर्देश जारी किए। साथ ही दुकानों पर दो-दो हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया है।

### स्पाट फाइन कर छोड़ा

निरीक्षण के दौरान सड़क पर बिना मास्क घूमने वालों को भी पुलिस और प्रशासन के दल ने पकड़ा। इन लोगों पर नगर निगम की टीम द्वारा 200 रुपए का स्पाट फाइन किया गया। कलेक्टर ने बताया कि मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कंट्रोल रूम के जाने हाल

निरीक्षण पर जाने के पहले कलेक्टर और एसपी सुबह जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कंट्रोल सेंटर पहुंचे। यहां पर इनके द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिटरिंग सिस्टम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। 175 कॉलिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान अन्य अधिकारियों के साथ डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, डॉ प्रमोद प्रजापति, डॉ गौरव बोरीवाल आदि उपस्थित थे।

पत्रिका

पत्रिका 14/1/22





**कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर कलेक्टर-एसपी ने किया शहर का भ्रमण, दिए निर्देश**

# शहर में नियमों को तोड़ने वाली 7 दुकाने 48 घंटे के लिए बंद कराई

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान आदि अधिकारियों के साथ शहर में निरीक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण करके मास्क नहीं पहनने के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दुकानदार के मास्क नहीं पहनने पर शहर में 7 दुकाने 48 घंटे के लिए बंद की गई। दुकानदारों के विरुद्ध धारा 188 में प्रकरण दर्ज किए गए।

दुकानों पर दो-दो हजार रुपए जुर्माना किया गया। इसके अलावा राहगीरों के निरीक्षण में भी मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा 200 रुपए स्पाट फाइन किया गया। मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी।

## कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

इसके पूर्व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रातः जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौ[...] होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिट[...] सिस्टम को देखते हुए आवश्यक निर्देश [...] 175 कॉलिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया [...] जानकारी ली। इस अवसर पर पु[...] अधीक्षक गौरव तिवारी, एसडीएम अभि[...] गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री म[...] वास्कले, डॉक्टर प्रमोद प्रजापति, डॉ[...] गौरव बोरीवाल आदि उपस्थित थे।

राज

राज एक्सप्रेस 14/1/22

व्यावसायिक भवन की होगी पहले जांच

# मंजूरी से अधिक निर्माण तो 5 गुना संपत्तिकर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में ऐसे कारोबारी स्थल जो नगर निगम की मंजूरी से अधिक क्षेत्रफल में बने है, उनकी जांच होकर पांच गुना अधिक संपत्तिकर लगेगा। इसके लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक लेकर अधिकारियों को समय-सीमा में जांच करने को कहा है। इसके लिए दो हजार वर्गफीट से अधिक के भवन की जांच होगी।

बैठक के बाद निगम आयुक्त झारिया ने बताया गुरुवार दोपहर को बैठक में कई निर्देश जारी किए गए है। जारी किए गए निर्देशों को समय-सीमा में पूरा करने को कहा गया है। जिनको जिम्मेदारी दी गई है, अगर वे समय - सीमा में कार्य नहीं करेंगे तो उनकी वेतनवृद्धि रोकने से लेकर निलंबन तक किया जाएगा। आयोजित बैठक में 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन/भूखण्ड के सर्वे हेतु नियुक्त दल को पहले चरण में व्यावसायिक भवन/भूखण्डों का सर्वे कर संबंधित द्वारा भरे गये विवरणी से मिलान करना होगा। दी गई मंजूरी क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल पाया जाता है संबंधित को नपती किये क्षेत्रफल का 5 गुना संपत्तिकर वसूला जाएगा। नगर की औद्योगित ईकाईयों की भवन निर्माण मंजूरी की जांच के लिए उद्योग विभाग से सूची ली जाएगी।

## यह निर्देश भी दिए गए

बैठक में संपत्तिकर, जलकर वसूली में तेजी लाने, कम्पाउडिंग के कार्य में तेजी लाने व नोटिस जारी करने, अंकुर अभियान में वायुदूत एप डाउनलोड कर कार्य करने, दो डोज लगवा चुके कर्मचारियों को 90 दिन बाद तीसरा टीका लगवाने आदि के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, हनीफशेख सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रिका

पत्रिका 14/1/22

# दर्ज क्षेत्र से अधिक निर्माण मिला तो पांच गुना लगेगा संपत्ति कर

## निगम अधिकारियों की बैठक में बकाया वसूली तेजी से करने के निर्देश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। संपत्तिकर व जलकर वसूली सहित 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन-भूखंडों, कोरोना मरीजों को मेडिकल किट देने, निगम अमले को कोरोना का बूस्टर डोज लगवाने के संबंध में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार को निगम अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में 2000 वर्गफीट से अधिक के भवन/भूखंड के सर्वे को लेकर नियुक्त दल को आयुक्त ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में सर्वे कर संबंधित द्वारा भरे गए विवरणी से मिलान किया जाए। विवरणी में दर्ज क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल पाया जाता है तो संबंधित से नपती किए क्षेत्रफल का पांच गुना संपत्तिकर वसूला जाए।

नगर की औद्योगिक इकाइयों की भवन निर्माण अनुज्ञा जांच के लिए जीएम डीआइसी से औद्योगिक इकाईयों की सूची लेने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संपत्तिकर, जलकर व दुकान किराया की वसूली तेजी से कर वाट्सएप ग्रुप पर प्रतिदिन की वसूली की जानकारी अपलोड की जाए। कंपाउडिंग के कार्य में तेजी लाएं व संबंधितों को नोटिस जारी करें। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए गए अंकुर अभियान के तहत निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को वायुदूत एप डाउनलोड कर अपने-अपने घरों उद्यानों व अन्य स्थानों पर रोपे गये पौधों व उनके रख-रखाव की जानकारी दर्ज करें।

### समय पर दें मेडिकल किट

आयुक्त ने कहा निगम के ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिन्हें दूसरा टीका लगवाए 90 दिन पूर्ण हो चुके हैं, वे तत्काल बूस्टर डोज लगवाएं। कोरोना के मरीज मिलने पर उन्हें व उनके परिजनों के लिए प्रात: 10:30 बजे मेडिकल किट प्राप्त कर 12:30 बजे तक वितरण कर दें। नई.

नईदुनिया 14/1/22

# रतलाम जिला आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

# 12 हजार से ज्यादा युवा रोजगार से जुड़े

## रोजगार दिवस आयोजित, हितग्राहियों को 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

जिले के लिए 12 जनवरी का दिन स्वर्णिम रहा। शहर में रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बड़ी मात्रा में वित्त लाभ हितग्राहियों को प्रदान किए गए। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार दिवस पर जिले के 12 हजार 840 हितग्राही लाभान्वित हुए जिन्हें 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए। बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

रोजगार दिवस के अवसर पर जिले के स्वयं सहायता समूहों के 8 हजार सदस्यों को 6 करोड़ 6 लाख रुपए की ऋण सहायता रोजगार के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना अंतर्गत 97 युवाओं को 14 करोड़ 50 लाख रूपए वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। इनमें बगैर ब्याज के 10 हजार तथा 20 हजार रूपए के ऋण सम्मिलित है।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मुद्रा तथा जनधन जैसी योजनाओं से आम आदमी को भी बैंक, बीमा जैसी सेवाओं से जोड़ा गया है जो पूर्व समय में आम आदमी के लिए सुलभ नहीं थी। आज आम आदमी की पहुंच बैंक, बीमा सेवाओं तक शासन के प्रयासों से हो गई है जो उनके जीवन में खुशहाली ला रही है।

विधायक डा. पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि हम आत्मनिर्भर और स्वर्णिम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं, इसमें सबकी सहभागिता है।

विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा के तहत रोजगार मेले का आयोजन युवाओं को रोजगार स्वरोजगार की दिशा में अग्रणी करेगा। श्री मकवाना ने आग्रह किया कि युवा उद्यमी बने और दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बने।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला तेजी से रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 47 करोड़ रूपए के ऋण तथा अन्य लाभ विभिन्न योजनाओं में प्रदान किए गए है। निश्चित रूप से भविष्य में, भी हम अधिकाधिक रूप से रोजगार का सृजन करेंगे। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री [illegible] सेठिया ने रोजगार मेला आयोजन के [illegible] तथा योजनाओं में वितरण की [illegible] जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का सं[illegible] आशीष दशोत्तर ने किया। कार्यक्र[illegible] महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, जिला [illegible] अधिकारी एस.एच. चौधरी, परि[illegible] अधिकारी शहरी विकास अरुण [illegible] एनआरएलएम जिला समन्वयक [illegible] शुक्ला, उप संचालक उद्यानिकी [illegible] कनेल, सहायक आपूर्ति अधिकारी [illegible] पांडे, नगर निगम कार्यपालन यंत्री [illegible] व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, [illegible] आचार्य आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूह को आजीविका के लिए वाहन मि[illegible]

12 जनवरी को आयोजित रोजगार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित आदिवासी महिला स्वयं सहायता समूह को शासन की योजना से वाहन प्रदान किया गया जो ग्रामीण क्षेत्र में यात्री परिवहन का कार्य करेगा। इससे समूह की महिलाएं लाभान्वित होंगी। शासन की योजना से सिराना विकासखंड के सालेरापाड़ा क्लस्टर के तहत जय गणेश आजीविका स्वयं सहायता समूह को वाहन क्रय के लिए 6 लाख 38 हजार रूपए बगैर ब्याज का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा ग्राम संगठन से 1 लाख 52 हजार रूपए प्रदान किए गए। कुल 8 लाख रूपए के आसपास मूल्य के वाहन से आदिवासी महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र में परिवहन के माध्यम से आए अर्जित करेंगे। समूह सदस्यों को वाहन की चाबी विधायक चैतन्य काश्यप, राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना द्वारा सौंपी गई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े भी मौजूद थे।



सिंघम - 12

सिंघम - 13/1/22

# 66 नए मरीज मिले, स्वस्थ होने पर 14 डिस्चार्ज

## कलेक्टर, एसपी ने किया शहर में निरीक्षण, सात दुकानें 48 घंटे के लिए बंद कराई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की तीसरी लहर में अब संक्रमण की रफ्तार तेज हो गई है। गुरुवार को 66 नए मरीज मिले। दो दिन से नए मरीजों की संख्या 60 से अधिक है। हालांकि अभी मेडिकल कालेज के कोविड अस्पताल में ज्यादा गंभीर मरीज नहीं पहुंचे हैं। नए संक्रमितों में युवाओं की संख्या ज्यादा है।

गुरुवार को 14 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या 346 हो गई है। नए मरीजों में नवोदय स्कूल आलोट की 12 व 13 वर्षीय छात्राएं भी शामिल हैं।

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान ने अधिकारियों के साथ शहर में निरीक्षण किया। इस दौरान मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण करके मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई की। संचालकों के मास्क नहीं पहनने पर शहर में 7 दुकानें 48 घंटे के लिए बंद कर धारा 188 में प्रकरण दर्ज किए गए। दो-दो हजार रुपये जुर्माना भी किया गया। इसके अलावा राहगीरों के मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा 200 रुपये स्पाट फाइन किया गया।

**कंट्रोल रूम पर परखे इंतजाम:** इसके पूर्व कलेक्टर ने जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान होम आइसोलेटेड मरीजों के मानीटरिंग सिस्टम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। 175 कालिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया की जानकारी ली। नि.



शहर सराय क्षेत्र में दुकान संचालक को समझाइश देते हुए एसडीएम अभिषेक गेहलोत। • नईदुनिया



शहर सराय क्षेत्र में मास्क बांटते हुए पुलिस जवान। • नईदुनिया

### रात में बाहर से आने वाले यात्रियों को टिकट बताना होगा

जिले में रात्रि 11 से सुबह पांच बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू होने के कारण अब रात में बाहर से बस, ट्रेन द्वारा आने वाले यात्रियों को अपना टिकट बताने पर उन्हें अपने गंतव्य स्थान तक जाने की छूट रहेगी। इस संबंध में कलेक्टर ने संशोधित आदेश जारी किया है।

### नामली में दो दुकानें सील

नामली। कोरोना की तीसरी लहर के चलते करीब पांच से अधिक मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव आने पर स्थानीय राजस्व विभाग, पुलिस व नगर परिषद की अमला सक्रिय हो गया है। गुरुवार की शाम सात बजे अचानक तहसीलदार कुलभूषण शर्मा, पटवारी जितेंद्र अवस्थी, पुलिस विभाग के साथ ही नगर परिषद अमले ने एक के बाद एक नगर के प्रमुख चौराहे पर नाकेबंदी कर मास्क को लेकर विशेष अभियान की शुरुआत की। मास्क नहीं लगाने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। बसों के अंदर भी जांच की गई। अधिकांश यात्रियों के मास्क नहीं होने पर कंडक्टर को फटकार लगाते हुए चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही नगर में दो दुकानों को 12 घंटे के लिए सील किया गया। कुल 33 चालान काटे गए।

नईदुनिया 14/1/22

# बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी होंगे बर्खास्त

रतलाम। शहर को साफ स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़क, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रों में से 16 सफाई मित्रो द्वारा 11 जनवरी मंगलवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत 11 जनवरी मंगलवार को अमित-बालकिशन, रवि-उंकारलाल, महेन्द्र-अशोक, शंकर-पुनमचन्द, राजेश-मोहनलाल, शंकर- अशोक, मिथुन-जगदीश, रवि-शंकर, विकास-किशोर, विशाल-कैलाश, गिरिश-ओमप्रकाश, अमन- रमेश, मंगल-बाबुलाल, मोहित-प्रभुदयाल, सन्नी-मुकेश, संजय-सोहन, विजय-सुरेश, संतोश- प्रभुदयाल, रामजीलाल-किशन, संजय-रमेष डिंडोरे, राहूल-राकेश, आनन्द-बाबुलाल व संजय-साजन द्वारा बिना सूचना के बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिवस अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जायेगा।

अग्निबाण

अग्निबाण 13/1/22

## 2 कर्मचारी बर्खास्त

रतलाम। रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त सफाई मित्रों में से ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर उन्हे सेवा से बर्खास्त किया गया। मंगल-बाबुलाल व संजय-सजन को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सेवा से बर्खास्त किया गया। इसके अलावा बुधवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित 5 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खारत किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

नवभारत

नवभारत 14/1/22

# शहर के उद्योगों की बिल्डिंग परमिशन की भी होगी जांच

## नगर निगम आयुक्त झारिया ने दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम के दायरे में चल रहे उद्योगों की बिल्डिंग परमिशन की जांच होगी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश दे दिए हैं। इसके अलावा गुरुवार को आयुक्त ने कर वसूली, 2000 वर्ग फीट से अधिक के भवन/भूखंडों की जांच, मेडिकल किट वितरण सहित अन्य मुद्दों को लेकर बैठक ली। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मो. हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अरविंद दशोत्तर आदि उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए

- 2000 वर्ग फीट से अधिक के व्यावसायिक भवन/भूखंड का सर्वे कर विवरणी से मिलान किया जाए। अधिक क्षेत्रफल मिलने पर नपती कर पांच गुना संपत्तिकर वसूले।
- औद्योगिक इकाइयों की बिल्डिंग परमिशन जांच के लिए उद्योग विकास विभाग से उद्योगों की लिस्ट लेकर चेक करें।
- सभी अधिकारी और कर्मचारी जिन्हें दूसरा टीका लगाए 90 दिन हो चुके हैं, वे बूस्टर डोज लगवाएं।
- कोरोना के मरीजों तक मेडिकल किट दोपहर 12.30 बजे तक पहुंच जाना चाहिए।

भास्कर

दै. भास्कर 14/1/22

# दो जगह मलबा हटाया, पैसा वसूला

**रतलाम, नप्र।** कबाड़ों को हटाए जाने के लिए नगर निगम ने तोड़फोड़ करने के बाद भी अब तक कई जगह से कबाड़े हटे नहीं है। निगम ने ऐसे कबाड़ों के गोदामों पर पहुंचकर कबाड़े का सामान हटाने की तकादा किया जा रहा है। कबाड़ा गोदाम खुद नहीं हटाए जाने पर निगम अमले ने हटाया था, ऐसे कबाड़ों के संचालकों को कबाड़े हटाने की कार्रवाई का शुल्क जमा कराने के लिए नोटिस जारी किया था लेकिन उसके बाद भी निगमन में राशि जमा नहीं कराई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर दो कबाड़ा संचालकों से राशि वसूली। हाटरोड क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण से तीस हजार और नाहरपुरा इलाके में गणपत से पांच हजार की राशि वसूली।

# बकाया वसूली शिविर आज कलीमी कॉलोनी में

**रतलाम, नप्र।** नगर निगम का बकाया कर जमा करने के लिए नगर निगम वार्डवार शिविर लगा रही है। 3 मार्च तक लगने वाले शिविर आज कलीमी कॉलोनी में लग रहा है। नागरिकों ने भी उत्साह दिखाते हुए संपत्तिकर 35.68 लाख व जलकर 7.53 लाख की बकाया राशि जमा कराई। निगम ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

**जलकर वसूली-**अवैध नल कनेक्शन काटने और जलकर की बकाया राशि वसूलने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने झोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है जिसके तहत नियुक्त अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए विभिन्न वार्डों में जलकर की बकाया वसूली करते हुए 92 हजार 320 की राशि वसूली। अवैध नल कनेक्शन का पता लगाने के साथ बकाया जलकर वसूला जा रहा है।

प्र.कि.

प्रभात किरण 13/1/22

# समझाइश भी नाकाम

## रात की सफाई में तेईस गैर हाजिर

प्र.कि.

**रतलाम, नप्र।** शहर को साफ और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम नित नए हथकंडे अपना रहा है, लेकिन ना तो सड़कों से कचरा साफ हो रहा है और न ही नालियां। हाल ही में फोरलेन और टू लेन के अलावा नगर की खास सड़कों और मुख्य बाजारों, चौराहों पर रात में सफाई का काम शुरू किया। इसके लिए सौ सफाई मित्रों को सफाई की जिम्मेदारी सौंपते हुए खुद कलेक्टर ने उनसे गुजारिश की थी कि नगर को साफ और सुंदर बनाए जाने के लिए वे अपनी जिम्मेदारी को ठीक ढंग से समझकर ईमानदारी से नगर को सुंदर बनाने में जुट जाए। कलेक्टर ने तो यहां तक कहा था कि आठ घंटे के बजाय आप छह घंटे भी अगर ईमानदारी से काम करेंगे तो सफाई में रतलाम शहर बेहत्तर दिखाई देने लगा। लेकिन दो बाद ही हालात यह रही कि 100 सफाई मित्रों में से 16 सफाई मित्र बिना बताए काम पर गैर हाजिर रहे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर बिना सूचना के काम से गैर हाजिर सफाई मित्रों को एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। आयुक्त ने साफतौर पर चेताया कि तीन दिवस तक बिना सूचना के गैर हाजिर रहने वाले कर्मचारी को बर्खास्त किया जाएगा।



प्रभात किरण 13/1/22

## आयुक्त ने ली बैठक

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संपत्तिकर व जलकर वसूली, 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन/भूखण्डों, कोरोना के मरीजों को मेडिकल किट प्रदान करने, निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोरोना का बूस्टर डोज लगवाये जाने के संबंध में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, जी.के. जायसवाल, श्याम सोनी, अरविन्द दशोत्तर, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य,सुभाष गोयल, विजय बालोद्रा, जगदीश पांचाल, पी सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेष कुशवाह, मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर आदि मौजूद थे।

नवभारत 14/1/22

## वेदव्यास कॉलोनी के 4 अवैध नल कनेक्शन काटे

रतलाम | अवैध नल कनेक्शन काटने की मुहिम में गुरुवार को नगर निगम अमले ने वेदव्यास कॉलोनी के चार मकानों के अवैध नल कनेक्शन काटे। इसके अलावा विभिन्न वार्डों से 116105 रुपए का बकाया जलकर वसूला। इनमें वार्ड 1 से 12 में 25445 रुपए, वार्ड 13 से 25 में 23270 रुपए, वार्ड 26 से 37 में 27150 रुपए, वार्ड 38 से 49 में 40240 रुपए वसूले। कार्रवाई कार्यपालन यंत्री मो. हनीफ शेख, उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव, जितेंद्र सिसौदिया ने की।

## रात की सफाई ड्यूटी से अनुपस्थित रहे, दो बर्खास्त

रतलाम | हाल ही में प्रारंभ हुई रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के दो कर्मचारी मंगल बाबूलाल और संजय सजन को बर्खास्त कर दिया है। दोनों तीन दिन से बिना सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित है। रिपोर्ट मिलने पर गुरुवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश दे दिए। बुधवार रात बिना सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित पांच कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा है। साथ ही सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस भी जारी किया है। इनमें शेखर सोहन, मंगल बाबूलाल, विजय रामसिंह, रामजीलाल किशन, संजय सजन शामिल हैं। आयुक्त झारिया ने निर्देश दिए हैं कि रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था से तीन दिन बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को बर्खास्त किया जाएगा।

दै.भास्कर 14/1/22

## दो सफाईकर्मी सेवा से बर्खास्त

रतलाम। रात्रीकालीन सफाई के लिए नियुक्त सफाई मित्रों में से ऐसे सफाई मित्र जो बिना सूचना के लगातार तीन दिन तक कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे है, उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा रहा है। इसके तहत मंगल-बाबूलाल व संजय-सजन को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सेवा से बर्खास्त किया गया। इसके अलावा बुधवार को बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पांच सफाई मित्रों शेखर-सोहन, मंगल-बाबूलाल, विजय-रामसिंह, रामजीलाल-किशन व संजय-सजन का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## तीन कबाड़ा व्यवसायियों से वसूली राशि

रतलाम। नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र में संचालित ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ सेंटर हटाने के लिए नगर निगम द्वारा संबंधितों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद भी कई कबाड़ा व्यवसायी ने अपने गोदाम स्वयं नहीं हटाने पर नगर निगम द्वारा हटाया गया। संबंधितों को हटाने की राशि जमा कराने के लिए नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया। तत्पश्चात भी राशि जमा नहीं कराने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार हाट रोड क्षेत्र में निसार व नासिर से 15000-15000 रुपये व नाहरपुरा क्षेत्र में गणपत सोलंकी से 5000 रुपये की वसूली की गई।

## गंदगी फैलाने वाले चार लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने व मलबा डालने पर विशाल टांक जवाहर नगर से 5000 रुपये, ईश्वर कस्तूरबा नगर से 250 रुपये, भरत व विक्रम कस्तूरबा नगर से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क घूमने वाले 26 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का स्पाट फाइन वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।


## वेदव्यास कालोनी में चार अवैध कनेक्शन विच्छेद

रतलाम। अवैध नल कनेक्शन विच्छेदन व जलकर की बकाया राशि वसूलने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है। इसके तहत नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करते हुए वेदव्यास कालोनी में चार अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए गए।
साथ ही विभिन्न वार्डों में 116105 रुपये के जलकर की बकाया वसूली की गई।

नईदुनिया 14/1/22

मास्क नियमों का पालन नहीं करने पर 7 दुकानें 48 घंटे के लिए सील

# तेजी से रतलाम में फैल रहा कोरोना संक्रमण कलेक्टर-एसपी फिर उतरे सड़क पर



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर में बुधवार रात को इस साल के सर्वाधिक संक्रमित मरीज मिलने के बाद प्रशासन की चिंता और सख्ती एक बार फिर से बढ़ गई है। बुधवार रात को 70 से अधिक संक्रमित मरीज मिले हैं। इसके बाद गुरुवार सुबह कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी अधिकारियों के साथ शहर भ्रमण पर निकले और मास्क और वैक्सीनेशन के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अधिकारी और टीम भी मौजूद थी। अधिकारियों द्वारा मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय ,धान मंडी इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण किया। मास्क नहीं पहनने के विरुद्ध कार्यवाही की गई । दुकानदार के मास्क नहीं पहनने पर शहर में 7 दुकाने 48 घंटे के लिए बंद की गई। दुकानदारों के विरुद्ध धारा 188 मे प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए। दुकानों पर दो- दो हजार रुपए जुमार्ना किया गया। इसके अलावा राहगीरों के निरीक्षण में भी मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा 200 रुपए स्पाट फाइन किया गया। कलेक्टर ने बताया कि मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी।

## टीबी से स्वस्थ हुए चैम्पियन ने साझा किए अनुभव

रतलाम। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतग टी.बी. विजय अभियान का आयोजन किया गय टीबी जेसी गंभीर बीमारी पर विजय पा चुके लो को पुरुस्कार देकर उनके अच्छे स्वास्थ अं भविष्य में टीबी के लिए जागरूकता लाने के लि सहयोग की अपेक्षा की गई। जिला क्षय अधिक डॉ योगेश नीखरा ने बताया कि विशेष कार्यक्र आयोजित किया गया। टीबी से स्वस्थ हुए लोगो अपने अनुभवों को साझा किये। प्रकार से उन्हें बीमारी हुई थी। किस तरह दर-दर भटकने के ब सरकारी दवाइयों के बारे में पता चला। किस त उन्हें यहां सहयोग मिला और उन्होंने इस बीम पर विजय प्राप्त की, यह बातें उन्होंने साझा क एक चैंपियन ने बताया की केसे उसकी बीमारी एक गंभीर रूप ले लिया था। हर तरह का इल लेने के बाद जब उसे फर्क नहीं पड़ा और उसे चला कि उसे गंभीर टीबी की बीमारी हो गई लाखो खर्च करने के बाद भी वह ठीक नहीं हु उसने हिम्मत नहीं हारी और रतलाम आकर अ जांच कराई। सही इलाज पाकर वह पूरी तरह स्वस्थ है। जिला कार्यक्रम समन्वयक जयं सिसोदिया, फार्मासिस्ट हर्षिता राठौड़, औ पाटीदार आदि मौजूद थे।



## कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

इसके पूर्व कलेक्टर ने प्रातः जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कं सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिटरिंग सिस्टम को देखते हुए आवश्यक नि दिए। 175 कॉलिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया की जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्क डॉक्टर प्रमोद प्रजापति, डॉक्टर गौरव बोरीवाल आदि उपस्थित थे।

दबंग दुनिया १४/१/२२

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी उतरे सड़कों पर

# मास्क लगाने की दे रहे समझाईश

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिले में कोरोना संक्रमण के केस निरंतर बड़ते जा रहे है। विगत एक सप्ताह में रिकार्ड तोड़ प्रकरण प्रकाश में आए है, जिससे जनता में तो भय है ही प्रशासन भी सतर्क हो गया है। इसी दृष्टि से प्रशासनिक अधिकारी अब सड़कों पर उतरकर प्रशासन न लगाने वाले लोगों व दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई कर रहे है। शायद इस कार्रवाई से लोगों को संक्रमण से बचने के लिए कुछ समझ आ जाए, लेकिन उसके बाद भी लोग मास्क का उपयोग नहीं कर रहे है यह शहरवासियों के लिए चिंता का विषय है।



कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारी आज सड़क पर उतरकर लोगों को समझाईश देते हुए नजर आए। उन्होंने चालानी कार्रवाई भी करवाई। इस दौरान 7 दुकानों को 48 घंटे के लिए बंद किया। दुकानदारों के विरुद्ध धारा 188 में प्रकरण दर्ज किए गए। दुकानों पर दो-दो हजार रुपए जुर्माना किया गया। इसके अलावा राहगीरों के निरीक्षण में भी मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा 200 रुपए स्पाट फाइन किया गया। मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी। स्वदेश

## मुख्यमंत्री आज वीडियो कांफ्रेसिंग से चर्चा करेंगे

**रतलाम ●** मुख्यमंत्री चौहान 14 जनवरी को प्रात: 10 बजे मुख्यमंत्री निवास से क्राईसेस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक करेंगे, जिसमें जिला विकासखंड, वार्ड तथा ग्राम स्तरीय समितियों, समस्त जनप्रतिनिधि, विधायकगण, मंत्रीगण, अधिकारी, ग्राम स्तरीय अधिकारी, संभागायुक्त, कलेक्टर विडियो कांफ्रेसिंग में शामिल रहेंगे। यह जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग के उपसचिव गिरीश शर्मा ने दी।

## कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

**रतलाम ●** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रात: जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिटरिंग सिस्टम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

स्वदेश 14/1/22

# कोरोना का अर्धशतक : रतलाम में मिले 62 कोरोन संक्रमित, प्रतिदिन मिल रहे 45 से अधिक मरीज

सिंधम- 13

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ती जा रही है । बीते 5 दिनों में ही रतलाम में 245 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके है। रतलाम में शनिवार को 48, रविवार को 45 , सोमवार को 43, मंगलवार को 47 और बुधवार को 62 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर अब 294 के पार पहुंच गई है। लगातार बड़ी संख्या में मरीज़ मिलने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर बना हुआ है। आज पॉजिटिव



आए मरीजों में 18 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बुजुर्ग भी शामिल है। पॉजिटिव आए कुछ मरीजों को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। जब महिलाओं और बच्चों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। जिस तरह से संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला शुरू हुआ है। उससे आगे संक्रमण ओर तेजी से फैलने का खतरा बना हु है। रतलाम शहर ही नहीं पॉजिटिव मरीज अब अलग-अलग क्षेत्रों से सामने आ रहे है। सैलाना बाजना के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी कोरोना का संक्रमण फैल रहा है ।वहीं ,जिले के कई गां में भी कोरोना संक्रमित मरीज मिल रहे है।

सिंधम- 13/1/22

# निरीक्षण में दिखी लापरवाही, 48 घंटे के लिए 7 दुकाने बंद



रतलाम। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान आदि अधिकारियों के साथ शहर में निरीक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचे।

अधिकारियों द्वारा मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण करके मास्क नहीं पहनने के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दुकानदार के मास्क नहीं पहनने पर शहर में 7 दुकाने 48 घंटे के लिए बंद की गई। दुकानदारों के विरुद्ध धारा 188 में प्रकरण दर्ज किए गए। दुकानों पर दो-दो हजार रुपए जुर्माना किया गया। इसके अलावा राहगीरों के निरीक्षण में भी मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा 200 रुपए स्पाट फाइन किया गया। मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी।

## कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

कंट्रोल रुम का निरीक्षण कियाइसके पूर्व कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने प्रातः जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केंद्र में बनाए गए कोविड-कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिटरिंग सिस्टम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। 175 कॉलिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया की जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, डॉक्टर प्रमोद प्रजापति, डॉ. गौरव बोरीवाल आदि उपस्थित थे।कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने किया शहर में निरीक्षण





नवभारत

नवभारत 15/1/22